प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

................

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की आज 10वीं वर्षगांठ–आज से 8 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज किसानों और पशुपालकों के साथ बजट पूर्व संवाद करेंगे।
- प्रदेश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला और बूथ स्तर पर समारोह आयोजित किये जायेंगे–राज्यस्तरीय समारोह जयपुर में।
- राज्य में आज से मौसम में बदलाव की संभावना–कई स्थानों पर बारिश के आसार।

................

केन्द्र सरकार आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मना रही है। बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के उद्देश्य से चलाई जा रही इस योजना ने एक दशक पूरा कर लिया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में सशस्त्र बल, अर्धसैनिक बल, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी, छात्राएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल होंगी। 10वीं वर्षगांठ के समारोह आज से 8 मार्च तक चलेंगे, जिनका समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। राज्य और जिला स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।
इधर झुंझुनूं में राजस्थान मरू उडान कार्यक्रम के तहत स्तन और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के महत्व पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

................

आज ही सुकन्या समृद्धि योजना के भी दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में बालिकाओं की वित्तीय सुरक्षा और उनका सामाजिक सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों पर 1 लाख 37 हजार से अधिक पौधे लगाये गये है। इसके साथ ही 40 हजार से ज्यादा बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाकर इस योजना के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में महिलाओं और प्रतिभाशाली छात्राओं के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हाल ही में उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने राज्य सरकार की इस पहल को पूरे देश में बेस्ट प्रैक्टिस के तौर पर चिन्हित किया है। उन्होंने बैठक में शामिल महिला प्रतिनिधियों से कहा कि उनके सुझावों पर विचार कर बजट में शामिल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कल ही युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य को खेलों में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इस बीच मुख्यमंत्री आज किसानों और पशुपालकों के साथ बजट पूर्व संवाद करेंगे।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 2 फरवरी को आयोजित होने वाली आरएएस प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की फरवरी में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों की भी जानकारी ली। श्री शर्मा ने जिला प्रशासन, पुलिस और आरपीएससी को मिलकर काम करने और

बेहतर पर्यवेक्षण तथा निगरानी के साथ परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से परीक्षा से दो दिन पहले और बाद में अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क आवागमन की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग से बसों की समय सारणी जारी करने को कहा।

................

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को प्रदेशभर में जिला और बूथ स्तर पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे समारोह में शिरकत करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से चुनाव से जुड़े कार्यक्रमों, अभियानों और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी तथा उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे। महाजन ने बताया कि राज्यपाल नव मतदाताओं को एपिक कार्ड–मतदाता पहचान पत्र सौंपेंगे। इस दौरान मतदाता जागरुकता के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर के जवाहर कला केंद्र में लोकतंत्र में जन भागीदारी विषय पर चित्रकला कार्यशाला रखी गई है। इसमें राजस्थान स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के विद्यार्थी रंगों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के सन्देश उकेरेंगे।

................

प्रदेश में पशुपालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में आवेदन करने का आज अंतिम दिन है। योजना के माध्यम से पशुधन का बीमा करवाया जा सकता है। इस योजना में 400 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। सरकार की चालू वित्त वर्ष की बजट घोषणा के अनुसार गाय, भैंस और ऊंट के लिए 40 हजार रुपये का बीमा मिलेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालकों से पशुओं का बीमा करवाने का आग्रह किया है।

................

देशभर के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थी प्रयागराज महाकुंभ के विशाल परिसर में आयोजित इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह अनूठा कार्यक्रम महाकुंभ की समरसता, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व को समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। सोमवार से इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। इंटर्नशिप केंद्रों पर विद्यार्थी प्रबंधन के कौशल सीखने के साथ–साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी करीब से समझने का प्रयास कर रहे हैं।

................

प्रदेश में आज से मौसम में बदलाव होने की संभावना हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं घना कोहरा दर्ज होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, सीकर और झुंझुनूं समेत कई जिलों में बादल छा सकते हैं। और कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

................